# कलेक्ट्रेट की चौखट पर बैठ अन्नदाता ने मांगा इंसाफ

**कलेक्टर बाहर नहीं आए तो धरने पर बैठ गए किसान**

**पांच किसानों को बुला दिया शीघ्र सर्वे कराने का आश्वासन**



नवभारत न्यूज

**सीहोर, 15 जुलाई. ट्रेक्टर ट्रालियों में सवार होकर कलेक्टर को परेशानियों से अवगत कराने और शीघ्र बीमा धन के साथ मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने डिप्टी कलेक्टर स्तर तक के अधिकारी से मिलने से इंकार करते हुए कलेक्टर को ही बाहर आने के लिए कहा लेकिन जनसुनवाई में व्यस्त कलेक्टर बालागुरू के बाहर नहीं आए तो किसान कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे.**

मंगलवार को जनसुनवाई में लगातार तीन साल से प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे पांच गांव के करीब 50 से ज्यादा किसानों ने धरना दिया. वहीं मैकेनाइज्ड केन्द्रीयकृत किचन प्रणाली का विरोध में प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ ने ज्ञापन सौंपा और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा के रसोइयों का रोजगार छीनने की बड़ी साजिश बताई. एक बुजुर्ग महिला से जमीन छीनने और मारपीट करने का मामला भी आया. सभी ने शिकायती आवेदन देकर समाधान की मांग की.

### मैकेनाइज्ड केन्द्रीयकृत किचन प्रणाली का विरोध

मंगलवार को प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ से जुड़ी महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं. उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा को ज्ञापन सौंपा. मांग की कि केंद्र और राज्य सरकार इस योजना को पूरी तरह स्थगित करें. महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह योजना पोषण आहार और मध्यान्ह भोजन योजना में कार्यरत स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के रोजगार पर सीधा असर डालेगी. हजारों महिलाएं इन योजनाओं से जुड़ी हैं. केन्द्रीयकृत रसोई व्यवस्था इनका रोजगार छीनने का काम कर रही है. ज्ञापन देने वालों में रानी गोस्वामी, सुशीला बाई, राजकुंवर बाई, प्रेम बाई, ओमवती, सुनीता बाई, भगवती बाई सहित कई महिलाएं शामिल हैं.

मंगलवार को पांच गांव के करीब 50 से ज्यादा किसान प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग को लेकर पहुंचे थे. किसान ट्रेक्टर ट्रालियों में सवार होकर कलेक्टर को परेशानियों से अवगत कराने और शीघ्र बीमाधन के साथ मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने अन्य अधिकारी से मिलने से इंकार करते हुए कलेक्टर को ही बाहर आने के लिए कहा, लेकिन कलेक्टर जनसुनवाई में व्यस्त थे. जब कलेक्टर बाहर नहीं आए तो कई किसान कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे. इस दौरान किसान करीब एक घंटे तक धरने पर बैठे रहे. जनसुनवाई के बाद कलेक्टर बालागुरु के. बाहर आए और किसानों से मिले. उन्होंने आरआई पटवारी को भेजकर शीघ्र सर्वे कराने और पर्याप्त मुआवजा बीमा दिलाने का आश्वासन दिया. किसान राजेंद्र सिंह, कमल सिंह आदि ने बताया कि फसल नष्ट होने से अब उनके सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है.

# विकास के साथ खुली अनियमितताओं की परतें

**खास बातें**

- 6 माह से अनुपस्थित मिला डॉक्टर
- ग्राम आनंदपुर में विधायक ने दिये कार्यवाही के निर्देश




नवभारत न्यूज

**आनंदपुर, 15 जुलाई, ग्राम आनंदपुर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विकासात्मक कार्यक्रम ने क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया.कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण किया, साथ ही बायपास रोड, तहसील गठन और जनदर्शन के माध्यम से जनता से सीधा संवाद भी स्थापित किया.कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं लक्ष्मीकांत जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई.**

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी कार्यवाही के संकेत

इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए विधायक ने 6 माह से अनुपस्थित डॉक्टर पर नाराजगी जताई और मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए .संयुक्त कलेक्टर सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी को भी अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए.

### कृषि समिति में मिली अनियमिततायें

निरीक्षण के दौरान खाद–बीज वितरण से संबंधित स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी और निरीक्षण रिकॉर्ड की जांच की गई .लेकिन समिति प्रबंधक रामेश्वर शर्मा द्वारा कई महत्वपूर्ण पंजी उपलब्ध नहीं कराए जा सके .इस पर विधायक ने जिला सहकारिता अधिकारी से तत्काल चर्चा कर प्रबंधक पर कार्रवाई के निर्देश दिए.

अपने संबोधन में विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है.उन्होंने कहा कि एक समय था जब कालादेव ऊनारसी जैसी जगहों पर कच्ची सड़कें होती थीं, लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है.इस क्षेत्र के लिए स्वर्गीय पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने जितना विकास में योगदान दिया है उतना कांग्रेस ने कभी नहीं दिया.जहां एक ओर विकास की नई घोषणाएं हुई.

**बायपास रोड और नई तहसील की पहल:** विधायक ने बायपास रोड के लिए ग्रामीणों से भूमि सहयोग की अपील करते हुए बताया कि 3 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा. साथ ही उन्होंने आनंदपुर को तहसील और सिरोंज को जिला बनाए जाने की प्रक्रिया को गति देने के लिए ग्राम के नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा.

## नल जल योजनाओं की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी

नवभारत न्यूज

**सागर, 15 जुलाई. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में हर घर जल योजना के कार्यों की अपूर्णता और लेट लतीफी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है.**

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि हर घर जल योजना के निर्माण कार्यों में और अधिक लेट लतीफी बर्दास्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा है कि हर घर जल योजना के कार्य तेजी से पूर्ण कराएं जाएं और हर घर जल योजना का पानी हर घर तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए. कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी ने उक्त निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. बैठक में सागर संभाग के बक्स्वाह, गढ़ाकोटा, मालथौन, बंडा, देवरी, बिजावर, राजनगर में निर्माणाधीन नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि उक्त सभी नल जल योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है.

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी नल जल योजनाओं को तेजी से पूर्ण कराएं अन्यथा मैं जवाबदेही तय करते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करूंगा. कमिश्नर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर घर तक स्वच्छ और शुद्ध पानी पहुँचना ही चाहिए.

## रासायनिक खाद से कमजोर हो रही उर्वरा शक्ति

### मिट्टी परीक्षण में जैविक खाद की कमी आ रही सामने

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा, 15 जुलाई, का. बीते दो साल से बंद पड़ी स्थानीय राजगढ़ रोड पर बीएसएनएल गोडाउन के समीप स्थित मिट्टी परीक्षण लैब मई माह से चालू कर दी गई. दो माह में 1200 से अधिक मिट्टी के नमूनों की जांच की गई. अधिकांश रिपोर्ट में जैविक खाद की कमी एवं रासायनिक खाद की अधिकता के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होने की बात सामने आई है.**

विदित है कि नगर सहित जिले की 6 ब्लॉक स्तर पर मौजूद मिट्टी परीक्षण लैब बीते दो सालों से बंद पड़ी थी. नगर में स्थित लैब को मई माह से प्रारंभ कर दिया गया.



शासन द्वारा लैब को ठेके पर संचालित किया जा रहा है. लैब में खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर उसमें होने वाली कमी, किन पोषक तत्वों की आवश्यकता है तथा मिट्टी को अधिक उपजाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए मिट्टी में होने वाली कमी को परखा जाता है.

मिट्टी के 13 पोषक तत्वों की जांच लैब में हो रही है. मई माह से आज दिनांक तक 1231 सैम्पल की जांच की जा चुकी है तथा 650 जांच रिपोर्ट भी आ चुकी है. अधिकतर जांच में जैविक खाद की कमी आ रही है.



## अतिक्रमण के चलते घरों में भरा पानी

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़. वृंदावन तालाब का पानी इन दिनों बारिश के मोसम में हो रही बरसात के दौरान ओवरफ्लो होकर शहर की कई कॉलोनियों में भर रहा है।**

पिछले तीन दिनों से तालाब का पानी नाले में बह रहा है। इससे शिव शक्ति कॉलोनी, कौशलपुरी कॉलोनी और भटनागर कॉलोनी के लोग प्रभावित हो रहे है। लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

स्थानीय निवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नाले से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। कौशलपुरी कॉलोनी के निवासियों के अनुसार वृंदावन तालाब से कुंवरपुरा तक नाले पर अवैध कब्जा किया गया है। ओरछा स्टेट के नक्शे में नाले की चौड़ाई 30 फीट दर्ज है।

## मदागन के जंगल में मिली लाश, इलाके में फैली दहशत

**लटेरी, 15 जुलाई.** लटेरी इलाके के जंगल में दो लाश मिलने से सनसनी फैल गई, जहां 70 साल के बुजूर्ग और 18 साल के युवा की लाश मिलने की जानकारी लगने पर पुलिस और एफएसएल की टीम जांच करने पहुंची है, पुलिस शम का पीएम करा रही है ताकि मौत के कारण स्पष्ट हो सकें.

पुलिस हर एंगल को ध्यान में रख कर जांच कर रही है. पहली घटना लटेरी नगर के निवासी 70 वर्षीय छीतरलाल अहिरवार 9 जुलाई को सुबह 11 बजे अपने घर से बड़ी मदागन की कहकर निकले थे, जिसके बाद से वह लापता थे. मंगलवार 15 जुलाई को महावन के जंगल में उनके शव के अवशेष मिले हैं.

## जनसुनवाई में सुनाया ग्रामीणों और किसानों ने दर्द

### कलेक्टर से की न्याय की गुहार



नवभारत न्यूज

**गुना, 15 जुलाई. जिले में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सैकड़ों ग्रामीण और किसान अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। भारी बारिश से प्रभावित किसानों ने मक्का बीज वापस कराने की गुहार लगाई, वहीं आरोन क्षेत्र में एक महिला ने मोहल्ले में लगातार गाली-गलौच और धमकाने वाली युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।**

सिंगवासा चक गांव के सहरिया समाज के लोगों ने गांव में बिजली लाइन डलवाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे धरना देंगे। इसी तरह ग्राम आरी के एक दलित परिवार ने खेत पर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे से न्याय दिलाने की मांग की।

### बारिश बनी संकट, मक्का बीज लौटाने पहुंचे किसान

गुना और बमोरी क्षेत्र में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जहां अधिकांश खेत अभी तक खाली हैं और मक्का जैसे मुख्य फसल की बोवनी नहीं हो सकी है। कई किसानों ने पहले ही महंगे दामों पर मक्का का बीज उधारी या कर्ज लेकर खरीद लिया था, लेकिन अब जब खेतों में पानी भरा हुआ है और मौसम अनिश्चित है, तो उन्होंने बीज को वापस करने का निर्णय लिया है।

## शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतें अधिकारी : सीईओ

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 15 जुलाई. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया।**



जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ श्री जैन ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरती जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती तृप्ति पटेरिया ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आवेदन के माध्यम से भीमपुर तहसील के ग्राम मक्का निवासी सीलकराम ने अनावेदकों द्वारा पटवारी और आरआई से सांठगांठ कर भूमि का नक्शा काटे जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने भैंसदेही एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

**सड़क और नाली निर्माण मांग**

बैतूल की ग्राम पंचायत दनोरा निवासी तुलाराम हरफोड़े ने दनोरा-टेमनी रिहायशी इलाके में सड़क और नाली निर्माण किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अंबेडकर वार्ड निवास अमित राठौर ने आवेदन के माध्यम से शासकीय भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने नगर पालिका बैतूल सीएमओ और तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## पंचायत सचिवों ने भाजपा जिलाध्यक्ष और विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर, 15 जुलाई. प्रदेश संगठन के आव्हान पर पंचायत सचिव संगठन द्वारा अपनी मांगो के निराकरण के लिए 7 जुलाई से 27 जुलाई तक जिले के जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहीं है।**

इसी कड़ी में मंगलवार को जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी और मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने उनकी मांगो के निराकरण किए जाने के लिए मांग पत्र देते हुए अनुशंसा पत्र लिया। वहीं जो



ज्ञापन सौंपा गया है, उसमें पंचायत सचिवों की मुख्य मांगे बताई गई है। जिनमें पंचयात सचिवों का पंचयात एवं ग्रामीण विकास विभाग में संबिलियन किया जाए, पंचयात सचिवों की सेवाकाल की गड़ना नियुक्ति दिनांक की जावे, जारी समयमान वेतनमान के आदेश के पालन में समयमान वेतनमान का लाभ दिया जावे सहित अन्य मांगें थी।

**एक नजर में**




### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम आयोजित

**भैंसदेही.** भैंसदेही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत महिला एवं बाल विकास परियोजना भैंसदेही अंतर्गत सेक्टर सावनर्मदा में की गई। जिसमें बालिकाओं की प्रशिक्षण दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि कैलाश शिवहरे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भैंसदेही परियोजना अधिकारी श्रीमती उथा मसीह के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पंच के रूप में श्रीमती रजनी शिवहरे एवं छोटू पन्द्राम के साथ अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थति थे। प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा मसीह ने विस्तार से जानकारी बालिकाओं को प्रदान की। श्रीमती उषा मसीह ने बालिकाजों को बताया की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। इसका नाम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ है।

### सत्कर्मों से जोड़ने वाला सद्गुरु ईश्वर से मिला सकता–वेदांती

**गंजबासौदा.** जीवन में सत्कर्मों से जोड़ने वाला सदगुरु ही हमें ईश्वर से मिला सकता है .हमारे जीवन में जब सत्कर्म जुड़ेंगे तो हमारा चित, चरित्र निर्मल होगा और हम ईश्वर की भक्ति पाने के अधिकारी बन जाएंगे .यह तभी संभव है जब हम सदगुरु द्वारा बताए गए मार्ग, उपदेशों पर चलकर उनका जीवन में अनुसरण करें. गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हमें भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा की याद दिलाता है, जिसमें गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है. यह बात जीवाजीपुर स्थित बाबा जगनाथदास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित प्रवचन श्रृंखला में जगदगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी ने व्यक्त किए.

### महिला फाउंडेशन ने चलाया जागरुकता अभियान

**आष्टा.** नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नूपुर धमीजा के निर्देशानुसार दो दिवसीय पूर्व सूचना के अनुसार नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन अध्यक्ष किरन सिंह के नेतृत्व में महिला आत्म सुरक्षा जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ. दो दिवसीय कार्यशाला में लगभग 50 महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के ट्रिक, आत्म सुरक्षा की जागरुकता, महिलाओं को विभिन्न स्थानों पर जाते समय किन किन बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देना आदि बातें बताई गई एवं मार्शल आर्ट्स का अभ्यास भी कराया गया .कार्यक्रम में शिक्षक संतोष कुमार यादव, जिला अध्यक्ष किरन सिंह, संध्या सिंह, रूपा सील, डिंपल पोद्दार, सरिता गुप्ता, निशु कुमारी, कविता सिंह एवं लगभग 40 अन्य महिलाओं की उपस्थिति थीं.




### कावड़ियों ने नर्मदा से पचमढ़ी तक 80 किमी यात्रा पूरी की

**पचमढ़ी.** सावन के पहले सोमवार को पिपरिया के सांडिया से नर्मदा जल लेकर निकली कांवड़ यात्रा शिव नगरी पचमढ़ी पहुंची। अखिल भारतीय रेवा सेवा मंडल नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ और महतारी जन जनकल्याण समिति के नेतृत्व में यह यात्रा आयोजित की गई। कांवड़ियों ने सांडिया नर्मदा तट से पचमढ़ी जटाशंकर तक लगभग 80 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा और जलपान के साथ यात्रा का स्वागत किया। प्रसिद्ध जटाशंकर मंदिर में सैकड़ों कांवड़ियों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

**अभियान** | **30 जुलाई तक चलेगा नशे के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान**

# टीआई बोले–नशे से दूरी है जरूरी, विद्यार्थियों ने निकाली रैली

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 15 जुलाई. पुलिस के द्वारा नशे के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान का आरंभ मंगलवार से किया गया. जिसका समापन 30 जुलाई को किया जाएगा. इस दौरान जन जागरुकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे. अभियान के प्रथम दिन मंगलवार को सिलवानी पुलिस टीआई पूनम सविता शिक्षण संस्थाओं में पहुंची तथा विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया.**



जन जागरुकता अभियान के तहत नगर के सांदीपनि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नगर में रैली भी निकाली, हाथों में नशे के विरुद्ध स्लोगन लिखी तख्तियां रखे, नारे लगाते हुए विद्यार्थी नागरिको को जागरुक कर रहे थे. रैली में सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक, नगर रक्षा समिति के सदस्य, थाना प्रभारी पूनम सविता, पुलिस जवान आदि के द्वारा सहभागिता की गई. टीआई पूनम सविता ने बताया कि नशे के विरुद्ध अभियान में सामाजिक संस्थाओं, समाजसेवियों आदि की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जन जागरुकता अभियान जन जन की आवाज बन सके.

इस जन जागरुकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, एनजीओ, धर्माचार्य, समाजसेवी, सामाजिक संस्थाए आदि मुख्य रूप से भाग लेंगी. समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुंचाया जाएगा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं पूरे समाज को प्रभावित करता है इससे दूरी रखना नितांत आवश्यक है. यह अभियान स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और डिजिटल माध्यमों के ज़रिए जन जागृति फैलाने का कार्य करेगा.